जब कोई आदम की संतान जन्म लेती है , तो उसके जन्म के समय शैतान उसे छूता है और शैतान के छूने के कारण वह चीख पड़ती है। अलबत्ता मरयम और उनके बेटे के साथ ऐसा नहीं हुआ।

अबू हुरैरा -रज़ियल्लाहु अंहु - कहते हैं कि मैंने अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- को कहते हुए सुनाः "जब कोई आदम की संतान जन्म लेती है , तो उसके जन्म के समय शैतान छूता है और शैतान के छूने के कारण वह चीख पड़ती है। अलबत्ता मरयम और उनके बेटे के साथ ऐसा नहीं हुआ। " फिर अबू हुरैरा -रज़ियल्लाहु अंहु - यह आयत पढ़ते हैं ◌ٌ {وإنِّي أُعِيذُها بك وذُرِّيَّتَها من الشَّيطان الرَّجِيمِ} (अर्थात मैं उसे और उसकी संतान को धिक्कारे हुए शैतान से तेरी शरण में देती हूँ।

[सहीह़] [इसे बुख़ारी एवं मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/10994